झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, रांची–834001

संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के पद पर सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–01/2016) से संबंधित सूचना।

स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–148(16) दिनांक–07.01.2015 के द्वारा झारखण्ड राज्य के खाद्य सुरक्षा सेवा के अंतर्गत **खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी** के पद पर नियुक्ति हेतु प्रेषित अधियाचना के अनुरूप संसूचित रिक्तियों के आधार पर इच्छुक एवं अर्हत्ताधारी भारतीय नागरिकों से विहित प्रपत्र में **Online** आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे।

स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 114(16) दिनांक–03.08.2016 के द्वारा खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के कुल 24 पद पर निःशक्ततों हेतु एक पद कम दृष्टि या दृष्टि अशक्तता के लिए संसूचित किया गया है।

अतः वैसे अभ्यर्थी (निःशक्त सहित) जिन्होंने पूर्व में आवेदन नहीं किये है, वे दिनांक–**26.09.2016** से **21.10.2016** तक Online आवेदन कर सकते हैं। दिनांक–21.10.2016 के बाद दिनांक–24.10.2016 तक लिंक मात्र परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए खुला रहेगा।

2. विज्ञापन संख्या–**01/2016** में अन्य सभी प्रावधान एवं शर्तें यथावत् लागू रहेंगी।
3. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची